Bihar Crime : मधुबनी में नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का पर्दाफाश, पुलिस को ऐसे मिली कामयाबी

जागरण संवाददाता, मधुबनी। पंडौल थाने के बेलाही में नकली शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। बेलाही निवासी सुनील ठाकुर के पुत्र नीतीश ठाकुर के घर छापेमारी कर बड़े पैमाने पर विदेशी शराब के नकली स्टिकर, खाली बोतल, ढक्कन, तैयार सीलबंद शराब बोतल आदि बरामद की।

शराब बनाने के इस धंधे में मधुबनी एवं दरभंगा जिले के दर्जनों युवक शामिल हैं। दरअसल, रहिका थाने के पुलिस पदाधिकारियों ने 11 अप्रैल को वाहन जांच के क्रम में आटो से स्प्रिट की बड़ी खेप ले जा रहे तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया था।

पंडौल थाना क्षेत्र के यमसम निवासी आटो चालक गंगाराम के पुत्र गुड्डू कुमार राम, दयाराम प्रसाद के पुत्र विकास कुमार चौरसिया तथा रघुनाथपुर बेलाही निवासी हरि यादव के पुत्र कमलेश यादव निवासी धंधेबाजों ने पूछताछ में बताया कि वे पंडौल थाने के बेलाही निवासी नीतीश ठाकुर व अन्य के साथ मिलकर नकली विदेशी शराब बनाते हैं।

सभी सामान को किया गया जब्त

इसके बाद पंडौल थानाध्यक्ष रोहित कुमार, सकरी थानाध्यक्ष राहुल कुमार व रहिका थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार आदि ने बुधवार देर शाम बेलाही में नीतीश ठाकुर के घर छापामारी की।

Source: https://www.jagran.com/bihar/madhubani-mini-factory-of-making-spurious-liquor-busted-in-madhubani-23699444.html